फा.सं. 1704813/1/2022-मा. (समन्वय) (ई-21449)

भारत सरकार

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय

मत्स्यपालन विभाग

चंद्रलोक बिल्डिंग,

ग्राउंड फ्लोर, 36, जनपथ, नई दिल्ली

दिनांक 9/11/2023

**कार्यालय ज्ञापन**

विषय: मत्स्यपालन विभाग द्वारा अक्तूबर, 2023 माह के दौरान किए गए प्रमुख गतिविधियों और महत्वपूर्ण निर्णयों का मासिक सार मंत्रिमंडल सचिवालय को परिचालित करने के संबंध में।

अधोहस्ताक्षरी को उपर्युक्त विषय पर मंत्रिमंडल सचिवालय के दिनांक 19 अगस्त, 2019 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 1/26/1/2018-कैब का संदर्भ लेने और अक्तूबर, 2023 माह के लिए मत्स्यपालन विभाग का मासिक सारांश परिचालित करने का निदेश हुआ है जिसमें की गई प्रमुख गतिविधियां,महत्वपूर्ण निर्णय और मंत्रिमंडल समिति/ समितियों के निर्णयों पर की गई कार्रवाई के संबंध में प्रगति सूचनार्थ संलग्न है।

यथोक्त: संलग्नक

(डॉ. एमी मैथ्यू एनपी)

सहायक आयुक्त (मात्स्यिकी)

प्रति

मंत्रिमंडल के सभी सदस्य

**प्रतिलिपि**

1. मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली-110001 (ध्यानार्थ: श्री भास्कर दासगुप्ता, निदेशक)
2. प्रधान मंत्री के प्रधान सचिव
3. राष्ट्रपति के सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली
4. उप-राष्ट्रपति के सचिव, 6, मौलाना आजाद रोड, नई दिल्ली
5. प्रेस सूचना अधिकारी, सूचना एवं प्रसारण मंत्री, शास्त्री भवन, नई दिल्ली
6. भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों के सचिव
7. सलाहकार, कृषि कार्यक्षेत्र, नीति आयोग, नीति भवन, नई दिल्ली

**सूचना के लिए प्रतिलिपि:**

1. माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री के निजी सचिव
2. मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी के लिए माननीय राज्य मंत्री के निजी सचिव
3. सचिव, मत्स्यपालन विभाग के प्रधान निजी सचिव
4. अपर सचिव एवं वित्त सलाहकार के प्रधान निजी सचिव
5. मत्स्यपालन विभाग के संयुक्त सचिवों के प्रधान निजी सचिव
6. तकनीकी निदेशक, एनआईसी, मत्स्यपालन विभाग को विभाग की वेबसाइट पर संलग्न दस्तावेज अपलोड करने के अनुरोध के साथ।

**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के मत्स्यपालन विभाग में अक्तूबर, 2023 माह के दौरान लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और प्रमुख उपलब्धियाँ**

1. माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री श्री परशोत्तम रूपाला ने 07 से 10 अक्तूबर, 2023 के दौरान तमिलनाडु के तिरुवदनई, रामनाथपुरम, पुदुक्कोट्टई, तंजावुर, नागापट्टिनम, कराईकल, मयिलादुथुराई और कुड्डालोर जिलों और पुदुचेरी में आयोजित सागर परिक्रमा यात्रा चरण - IX कार्यक्रम का नेतृत्व किया और लाभार्थियों जैसाकि - मछुआरों, मछुआरिनों, मत्स्य किसानों और अन्य हितधारकों के साथ बातचीत की। लाभार्थियों को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) और इंसुलेटेड मत्स्य वाहन वितरित किए गए। इस अवसर पर, पुदुचेरी के माननीय मुख्यमंत्री श्री एन.रंगासामी; माननीय उपराज्यपाल पुदुचेरी, डॉ. तमिलिसाई सौंदर्यराजन; पुदुचेरी के माननीय मत्स्यपालन मंत्री श्री के. लक्ष्मीनारायणन और मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के माननीय राज्य मंत्री, डॉ. एल. मुरुगन और अन्य गणमान्य भी उपस्थित थे।

2. माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री श्री परशोत्तम रूपाला ने 10 अक्तूबर, 2023 को कोच्चि, केरल में आयोजित 16वें कृषि विज्ञान कांग्रेस का उद्घाटन किया।

3. माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री श्री परशोत्तम रूपाला ने 11 अक्तूबर, 2023 को कृषि भवन, नई दिल्ली में विश्व बैंक के भारत के कंट्री निदेशक श्री ऑगस्टेटानोकौमेओन और उनके प्रतिनिधिमंडल के साथ सम्पन्न एक बैठक की अध्यक्षता की।

4. माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री, श्री परशोत्तम रूपाला ने 13 से 14 अक्तूबर, 2023 के दौरान आंध्र प्रदेश के कृष्णापट्टनम और नेल्लोर जिलों में आयोजित सागर परिक्रमा यात्रा चरण-X का नेतृत्व किया और मछुआरों, मत्स्य किसानों, मछुआरों के प्रतिनिधियों और हितधारकों के साथ बातचीत की। आंध्र प्रदेश सरकार के मत्स्यपालन मंत्री श्री एस. अप्पलाराजू, संसद सदस्य श्री जीवीएल नरसिम्हा राव, संसद सदस्य श्री बीडामस्थान राव और अन्य गणमान्य भी उपस्थित थे।

5. माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री श्री परशोत्तम रूपाला ने 16 से 18 अक्तूबर, 2023 के दौरान महाबलीपुरम, तमिलनाडु में "जलवायु परिवर्तन को अंतर्राष्ट्रीय मत्स्य शासन की मुख्यधारा में लाने और भारत-प्रशांत क्षेत्र में मत्स्यपालन प्रबंधन उपायों को मजबूत करने पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन" का उद्घाटन किया गया। सम्मेलन में खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ), रोम के वरिष्ठ संपर्क अधिकारी डॉ. पिएरो मैनिनी, भारत में एफएओ प्रतिनिधि डॉ. ताकायुकी हागिवारा और अन्य गणमान्यों ने भी भाग लिया।

6. माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री श्री परशोत्तम रूपाला ने 31 अक्तूबर, 2023 को कृषि भवन, नई दिल्ली के परिसर से 'रन फॉर यूनिटी' को झंडी दिखाकर रवाना किया गया और इसका नेतृत्व किया। मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री, डॉ. संजीव कुमार बालियान और डॉ. एल. मुरुगन भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

7. मत्स्यपालन विभाग के सचिव ने "घर-घर केसीसी अभियान ": मत्स्य किसानों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए एक परिवर्तनकारी पहल" के संबंध में 19 अक्तूबर, 2023 को विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों, भारतीय रिज़र्व बैंक(आरबीआई), राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), अनुसूचित

वाणिज्यिक बैंकों, कृषि और किसान कल्याण विभागों, राज्य स्तरीय बैंकर्स समितियों (एसएलबीसी) और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आयोजित एक बैठक की अध्यक्षता की।

8. संयुक्त सचिव(समुद्री मत्स्यपालन) ने भारत और श्रीलंका के बीच विभिन्न द्विपक्षीय परियोजनाओं और पहलों के कार्यान्वयन की स्थिति पर चर्चा और समीक्षा करने के लिए 27 अक्तूबर, 2023 को जवाहरलाल नेहरू भवन, नई दिल्ली में माननीय मंत्री, विदेश मंत्रालय (एमईए) की अध्यक्षता में सम्पन्न अंतर-मंत्रालयी बैठक में भाग लिया।

9. संयुक्त सचिव(समुद्री मत्स्यपालन) ने 23 अक्टूबर, 2023 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नॉर्वे में भारत के राजदूत और छात्रों के साथ बैठक में भाग लिया।

10. संयुक्त सचिव(समुद्री मत्स्यपालन) ने 19 अक्तूबर, 2023 को पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव की अध्यक्षता में भारतीय अंटार्कटिक अधिनियम, 2022 के तहत गठित अंटार्कटिक शासन और पर्यावरण संरक्षण समिति (सीएजी-ईपी) की पहली बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया।

11. संयुक्त सचिव (समुद्री मत्स्यपालन) ने गैर-छूट वाले मंत्रालयों/विभागों के 10% सकल बजटीय समर्थन (जीबीएस) के तहत अनिवार्य आवंटन और उपयोग पर 12 अक्तूबर, 2023 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में माननीय मंत्री, उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय ( डोनर ) की अध्यक्षता में आयोजित पहली और दूसरी तिमाही (2023-24) की समीक्षा बैठक में भाग लिया।

12. संयुक्त सचिव (अंतर्देशीय मत्स्यपालन) ने 12 से 13 अक्तूबर, 2023 के दौरान पेरिस, फ्रांस में आयोजित ब्लू इकोनॉमी और ऑशियन गवर्नेंस पर भारत-फ्रांस रोड मैप के तहत प्रथम वार्षिक द्विपक्षीय वार्ता में भाग लिया।

13. संयुक्त सचिव(समुद्री मत्स्यपालन) ने 11 अक्तूबर, 2023 को वित्त मंत्रालय, नई दिल्ली में सचिव, वित्त विभाग और सचिव, व्यय विभाग की अध्यक्षता में एसएनए स्पर्श के रोलआउट की समीक्षा में भाग लिया।

14. संयुक्त सचिव (अंतर्देशीय मत्स्यपालन) ने ब्लू इकोनॉमी पर प्रथम भारत-फ्रांस वार्षिक द्विपक्षीय वार्ता की कार्यसूची को अंतिम रूप देने पर चर्चा के लिए प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों और *बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय* ( एमओपीएसडब्ल्यू ) के प्रतिनिधियों के साथ नीति आयोग में 09 अक्तूबर 2023 को नीति आयोग के सीईओ की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक में भाग लिया।

15. संयुक्त सचिव (समुद्री मत्स्यपालन) ने 06 अक्तूबर, 2023 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित डब्ल्यूटीओ- पूर्वी कैरेबियाई राज्यों के संगठन (ओईसीएस) की बैठक में भाग लिया।

16. संयुक्त सचिव (समुद्री मत्स्यपालन) ने मत्स्यपालन क्षेत्र में व्यापार के मुद्दों पर चर्चा करने के लिए 05 अक्तूबर, 2023 को वर्चुअल मोड के माध्यम से आयोजित विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की द्विपक्षीय बैठक में भाग लिया।

17. संयुक्त सचिव (समुद्री मत्स्यपालन) ने 05 अक्तूबर, 2023 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित भारत, इंडोनेशिया, श्रीलंका और पाकिस्तान की बैठक में भाग लिया।

18. संयुक्त सचिव (अंतर्देशीय मत्स्यपालन) ने ग्रामीण और कृषि से संबंधित मुद्दे पर 05 अक्तूबर, 2023 को कृषि भवन, नई दिल्ली में आयोजित सचिवों के क्षेत्रीय समूहों की बैठक में भाग लिया।

19. संयुक्त सचिव (अंतर्देशीय मत्स्यपालन) ने विशेष अभियान 3.0 की मध्य अवधि प्रगति पर 05 अक्तूबर, 2023 को राष्ट्रीय मीडिया सेंटर, नई दिल्ली में कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह द्वारा संबोधित प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाग लिया।

20. संयुक्त सचिव (समुद्री मत्स्यपालन) ने द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा करने के लिए 4 अक्तूबर, 2023 को वर्चुअल माध्यम से आयोजित भारत- ब्राजील द्विपक्षीय बैठक में भाग लिया।

21. संयुक्त सचिव (अंतर्देशीय मत्स्यपालन) ने *प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग* (डीएआरपीजी) के सचिव की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित विशेष अभियान 3.0 के नोडल अधिकारियों की 7वीं समीक्षा बैठक में भाग लिया।

22. मत्स्यपालन विभाग, राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड (एनएफडीबी), तटीय एक्वाकल्चर प्राधिकरण (सीएए), सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ फिशरीज नॉटिकल एंड इंजीनियरिंग ट्रेनिंग (सीआईएफएनईटी) और फिशरी सर्वे ऑफ इंडिया (एफएसआई) ने माह के दौरान क्रमश: नेशनल फेडरेशन ऑफ फिशर्स कोऑपरेटिव्स लिमिटेड ( फिशकोफेड), सरिता विहार और सीएए, सिफनेट और एफएसआई में स्वच्छता ही सेवा पर विशेष अभियान 3.0 मनाया।

23. राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड (एनएफडीबी) ने अक्तूबर, 2023 के दौरान क्रमशः 25,350 और 95,910 व्यक्तियों को कवर करते हुए 41 प्रशिक्षण और जागरूकता गतिविधियाँ और 49 आउटरीच गतिविधियाँ आयोजित कीं।

24. तटीय एक्वाकल्चर अथॉरिटी (सीएए) ने तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश से प्राप्त 359 आवेदनों पर कार्रवाई की। इनमें 285 आवेदन फार्मों के नए पंजीकरण और पंजीकरण के नवीनीकरण संबंधी थे और 74 आवेदन एंटीबायोटिक मुक्त एक्वा इनपुट के लिए अनुपालन प्रमाणपत्र जारी करने संबंधी थे।

25. सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ कोस्टल इंजीनियरिंग फॉर फिशरी (CICEF) ने प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के तहत मत्स्य पकड़ने के बंदरगाहों / मत्स्य लैंडिंग केंद्रों के विकास / उन्नयन / ड्रेजिंग के लिए केरल सरकार का तकनीकी मूल्यांकन किया।

26. नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फिशरीज पोस्ट हार्वेस्ट टेक्नोलॉजी एंड ट्रेनिंग (NIFPATT) ने माह के दौरान पोस्ट-हार्वेस्ट प्रबंधन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें 86 महिला/पुरुष मछुआरे कवर किए गए और 644 प्रशिक्षु दिवस का लक्ष्य हासिल किया गया। निफ़्फ़ैट ने मत्स्यपालन विभाग और देश भर में उसके संस्थानों की सफलता की कहानियों को उजागर करने तथा मत्स्यपालन क्षेत्र में 09 वर्षों की उपलब्धियों के बारे में जानकारी और ज्ञान का प्रसार करने के उद्देश्य से दिनांक 23 अक्तूबर, 2023 को कोच्चि में मत्स्य सम्पदा जागरूकता अभियान पर एक कार्यशाला का आयोजन किया।

मत्स्यपालन विभाग के लिए 31 अक्तूबर, 2023 को सीपीजीआरएएमएस पोर्टल के तहत शिकायत निपटान का प्रतिशत 96 रहा।

***